उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 2929 / निरीक्षण आख्या / 04 दिनांक– 11/12/2024

निरीक्षण आख्या

आज दिनांक 11.12.2024 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत रानीपुर पेयजल योजना के कार्यो का निरीक्षण माननीय विधायक डा0 विरेन्द्र यादव जी द्वारा किया गया। जिसमें अधोहस्ताक्षरी के साथ सहायक अभियन्ता, जू0इं0, टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 एवं प्रोजेक्ट मैनेजर एल0 एण्ड टी0 उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान नलकूप, पम्प हाउस, राइजिंग मेन, शिरोपरि जलाशय, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, सोलर सिस्टम एवं बाउण्ड्रीवाल एवं गेट के समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। योजनान्तर्गत 330 नग हाउस कनेक्शन में सोलर सिस्टम से आटोमेशन मेथड द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति ग्रामवासियों को उपलब्ध करायी जा रही है। ग्राम प्रधान श्री रामाश्रय जी द्वारा भी अवगत कराया गया कि रानीपुर पेयजल योजना मे ंनियमित जलापूर्ति की जाती है। माननीय विधायक डा0 विरेन्द्र यादव जी द्वारा निर्देश दिये गये है कि विधान सभा क्षेत्र जंगीपुर के अन्तर्गत प्रस्तावित पेयजल योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए जनोपयोगी बनाया जाय एवं पूर्ण पेयजल योजनाओं द्वारा सुबह–शाम क्लोरिन युक्त नियमित जलापूर्ति किया जाय।

(मो0 कासिम हाशमी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0– / / दिनांकः

प्रतिलिपि– माननीय विधायक डा0 विरेन्द्र यादव जी, विधान सभा क्षेत्र–जंगीपुर को सादर सूचनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता